भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 271#
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026
22 श्रावण, 1948 (शक)

छत्तीसगढ़ में खेलों का संवर्धन और विकास

***271 # श्रीमती लक्ष्मी वर्माः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में खेल अवसंरचना के विकास एवं निर्माण हेतु दी गई स्वीकृतियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार रायपुर में एक राज्य प्रशिक्षण केंद्र और खेल विश्वविद्यालय तथा बिलासपुर में एक खेल विज्ञान केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है और क्या सरकार राज्य में एक खेल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने हेतु कोई प्रयास कर रही है; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा खेलों के संवर्धन और विकास के लिए राज्य को जारी किए गए बजट का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

'छत्तीसगढ़ में खेलों का संवर्धन और विकास' के संबंध में श्रीमती लक्ष्मी वर्मा द्वारा दिनांक 13.08.2026 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 271# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत उपलब्ध खेल अवसंरचनाओं, खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केन्द्रों (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) जैसी विभिन्न खेल सुविधाओं और साथ ही खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) और कोच का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं।

(ख) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, राज्य प्रशिक्षण केंद्रों, खेल विश्वविद्यालय, खेल विज्ञान केंद्र की स्थापना और खेलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है।

छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा संचालित दो खेल प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) हैं। इनका विवरण डैशबोर्ड https://sportsauthorityofindia.nic.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, इस मंत्रालय की स्कीमें मांग आधारित हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत निधियों की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता के लिए विचार किया जाता है।

(ग) धनराशि स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार नहीं। पिछले पांच वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश भर में खेल विभाग की विभिन्न खेल विकास स्कीमों के तहत आवंटित धनराशि और किए गए व्यय का विवरण इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

वित्तीय वर्ष	आवंटित धनराशि	किया गया व्यय
2025-26	2347.14	2228.88
2024-25	2332.50	2136.97
2023-24	2380.86	2329.35
2022-23	1907.69	1879.99
2021-22	1993.00	1748.76

*****